सेवा में,

**श्रीमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय,**

जिला पंचायत सक्ती,

जिला सक्ती (छ.ग.)

> **प्रतिलिपि सादर सूचनार्थ एवं त्वरित कार्रवाई हेतुः**
> **श्रीमान कलेक्टर महोदय,** जिला सक्ती (छ.ग.)

---

**विषय:** **ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द में पूर्व सचिव द्वारा नवपदस्थ सचिव को तत्काल प्रभार हस्तान्तरण कराने एवं शासकीय कार्य सुचारू रूप से संचालित कराने हेतु उच्च स्तरीय हस्तक्षेप एवं आवश्यक निर्देश जारी करने के संबंध में।**

**संदर्भ:**

1. कार्यालय जिला पंचायत सक्ती का आदेश क्रमांक 3140/जि.पं./सचिव स्था./2026, दिनांक 03.06.2026।
2. कार्यालय जनपद पंचायत सक्ती का आदेश क्रमांक 686/स्था.ज.प./2026, दिनांक 11.06.2026।
3. नवपदस्थ सचिव श्री कृष्ण सिदार का उपस्थिति पत्र, दिनांक 12.06.2026।
4. कार्यालय जनपद पंचायत सक्ती में सरपंच द्वारा प्रस्तुत आवेदन (पावती युक्त), दिनांक 15.06.2026।
5. पूर्व सचिव श्री नितेश गबेल द्वारा सरपंच (ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द) को प्रेषित अवकाश संबंधी आवेदन पत्र, दिनांक 02.06.2026।

---

महोदय,

सविनय निवेदन है कि उपरोक्त संदर्भित आदेशों के माध्यम से ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द में पूर्व सचिव श्री नितेश गबेल (स्थानांतरित ग्राम पंचायत जांजग) के स्थान पर सचिव श्री कृष्ण सिदार को अतिरिक्त/नवपदस्थ प्रभार सौंपा गया है। उक्त आदेश के परिपालन में नवपदस्थ सचिव श्री कृष्ण सिदार दिनांक 12.06.2026 को ग्राम पंचायत में उपस्थित होकर कार्यभार ग्रहण करने हेतु अपनी लिखित उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं।

जानकारी हेतु लेख है कि स्थानांतरण आदेश जारी होने के पूर्व (दिनांक 02.06.2026 को) ही पूर्व सचिव श्री नितेश गबेल द्वारा पारिवारिक कार्य से दिनांक 05.06.2026 से 11.06.2026 तक अवकाश पर जाने हेतु सूचना पत्र सौंपा गया था। उनके द्वारा स्वयं के आवेदन में उल्लेखित अवधि समाप्त होने तथा दिनांक 12.06.2026 को नए सचिव द्वारा ग्राम पंचायत में विधिवत उपस्थिति दिए जाने के उपरांत भी आज दिनांक तक ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द का प्रभार हस्तान्तरित नहीं हो सका है। प्रभार प्रक्रिया रुकी होने के कारण पंचायत के कई महत्वपूर्ण शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि विधिवत प्रभार हस्तान्तरण न होने के कारण ग्राम पंचायत के **बैंक खातों में 'हस्ताक्षर नमूना' (Specimen Signature) परिवर्तन** तथा सरकारी पोर्टल्स के संचालन हेतु अनिवार्य **डीएससी (DSC) परिवर्तन/अपडेट** की प्रक्रिया पूरी तरह रुकी हुई है। इसके साथ ही, आम जनता से जुड़े अति-आवश्यक **जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र** (CRS **Portal) जारी करने संबंधी शासकीय आईडी (ID) एवं पासवर्ड** भी नए सचिव को प्राप्त नहीं हो सके हैं। इसके कारण पंचायत में वित्तीय लेन-देन, वेंडर पेमेंट व मजदूरों के भुगतान पूरी तरह ठप होने के साथ-साथ ग्रामीणों के जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे महत्वपूर्ण विधिक दस्तावेज जारी करने का कार्य भी बाधित हो चुका है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

Scanned with OKEN Scanner

उक्त संबंध में मेरे द्वारा दिनांक 15.06.2026 को जनपद पंचायत सक्ती में भी लिखित आवेदन प्रस्तुत कर प्रभार प्रक्रिया संपन्न कराने का अनुरोध किया गया था, किंतु जनपद स्तर से अभी तक इस दिशा में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। इस स्थिति के कारण ग्राम पंचायत के समस्त शासकीय निर्माण कार्य, जनहित की योजनाएं, मूलभूत नागरिक सुविधाएं एवं आवश्यक वित्तीय भुगतान पूरी तरह रुके हुए हैं।

अतः आपसे सादर नम्र अनुरोध है कि ग्राम पंचायत के कार्यों की गति और जनहित को ध्यान में रखते हुए इस मामले में तत्काल उच्च स्तरीय हस्तक्षेप करने की कृपा करें। संबंधित पूर्व सचिव श्री नितेश गबेल को निर्देशित कर ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द के समस्त आवश्यक अभिलेख एवं शासकीय सामग्रियां जैसे— रोकड़ बही (Cash Book), प्रस्ताव पंजी, कार्यवाही पंजी, योजनागत वित्तीय दस्तावेज, **जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र पोर्टल की शासकीय आईडी व पासवर्ड (ID/Password)** , लैपटॉप, प्रिंटर एवं अन्य भौतिक सामग्रियां अविलंब नए सचिव को हस्तान्तरित कराने हेतु आदेशित करने का कष्ट करें। साथ ही बैंक खातों में नए सचिव के स्पेसिमेन सिग्नेचर दर्ज कराने एवं शासकीय पोर्टल पर डीएससी (DSC) परिवर्तन करने हेतु आवश्यक प्रशासनिक सहयोग व निर्देश प्रदान करने की कृपा करें, ताकि पंचायत के रुके हुए जनहित के कार्य सुचारू रूप से पुनः प्रारंभ हो सकें।

**<u>संलग्न (दस्तावेजी प्रमाण):</u>**

1. कार्यालय जिला पंचायत सक्ती के स्थानांतरण आदेश की प्रति।
2. कार्यालय जनपद पंचायत सक्ती के आदेश की प्रति।
3. नवपदस्थ सचिव श्री कृष्ण सिदार के उपस्थिति पत्र की प्रति।
4. जनपद पंचायत में प्रस्तुत आवेदन दिनांक 15.06.2026 की सील-युक्त पावती प्रति।
5. पूर्व सचिव श्री नितेश गबेल द्वारा सरपंच को प्रस्तुत अवकाश/सूचना पत्र की प्रति।

भवदीया, रामेश्वरी बाई

सरपंच
ग्राम पंचायत नवापाराखुर्द
ज.पं.-सक्ती जिला- सक्ती(छ.ग.)

**(श्रीमती रामेश्वरी बाई गोंड)**
सरपंच
ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द
जनपद पंचायत सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.)

9131267603
उपसरपंच

कलेक्टर जनदर्शन
6065
16/06/26

कार्यालय जिला पंचायत सक्ती (छ.ग.)
16/06/202

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द

जनपद पंचायत सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.)

## अधिकार पत्र / अनुमति पत्र

**प्रति,**

श्रीमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय / श्रीमान कलेक्टर महोदय,
जिला सक्ती (छ.ग.)

**विषय:** पूर्व सचिव के विरुद्ध शिकायत आवेदन जमा करने हेतु उप-सरपंच को अधिकृत करने बाबत।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं, श्रीमती रामेश्वरी बाई गोंड, सरपंच - ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द, आज दिनांक 16.06.2026 को बी.पी.आर.सी. (BPRC) भवन में आयोजित आवश्यक सरपंच स्तरीय शासकीय बैठक में उपस्थित रहने के कारण जिला मुख्यालय आने में असमर्थ हूँ।

अतः मैं ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द के **उप-सरपंच श्री सैय्यद अब्दुल हुसैन** को जिला पंचायत सक्ती एवं कलेक्टर कार्यालय में पूर्व सचिव श्री नितेश गबेल के विरुद्ध प्रभार हस्तान्तरण एवं दंडात्मक कार्रवाई संबंधी मुख्य शिकायत आवेदन पत्र (समस्त दस्तावेजी प्रमाणों सहित) जमा करने तथा कार्यालय से उसकी आधिकारिक पावती (Receipt) प्राप्त करने हेतु पूर्ण रूप से अधिकृत करती हूँ।

भवदीया, रामेश्वरी बाई

सरपंच
ग्राम पंचायत नवापाराखुर्द
ज.पं.-सक्ती जिला- सक्ती(छ.ग.)

**(श्रीमती रामेश्वरी बाई गोंड)**
सरपंच
ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द

Hussain

उपसरपंच
ग्राम पंचायत नवापाराखुर्द
ज.पं.-सक्ती जिला- सक्ती(छ.ग.)

**(श्री सैय्यद अब्दुल हुसैन)**
उप-सरपंच
ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द

जनपद पंचायत- सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.)

**श्रीमती रामेश्वरी बाई गोड़**

सरपंच

निवास :
ग्राम- नवापारा खुर्द
तहसील – सक्ती, जिला : सक्ती (छ.ग.)
Mob.No. 6266848833, 6268925158


क्रमांक..                                                    दिनाँक/15..06..2026

सेवा में,

श्रीमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय,
जनपद पंचायत सक्ती,
जिला सक्ती (छ.ग.)

विषय: पूर्व सचिव से नवपदस्थ सचिव को ग्राम पंचायत का संपूर्ण प्रभार दिलाए जाने बाबत।

संदर्भ: कार्यालय जिला पंचायत सक्ती का आदेश क्रमांक 3140/जि.पं./सचिव स्था./2026 दिनांक 03.06.2026।
कार्यालय जनपद पंचायत सक्ती का आदेश क्रमांक 686/स्था.ज.प./2026 दिनांक 11.06.2026।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि उपरोक्त संदर्भित आदेशों के माध्यम से ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द में सचिव श्री कृष्ण सिदार को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जिसके परिपालन में नवपदस्थ सचिव श्री कृष्ण सिदार द्वारा दिनांक 12.06.2026 को ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द में उपस्थित होकर कार्यभार ग्रहण करने हेतु अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जा चुकी है। वर्तमान में ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द के पूर्व सचिव श्री नितेश गबेल के पास ग्राम पंचायत से संबंधित समस्त अभिलेख एवं प्रभार उपलब्ध हैं।

अतः आपसे निवेदन है कि ग्राम पंचायत के सुचारू संचालन हेतु पूर्व सचिव श्री नितेश गबेल से नवपदस्थ सचिव श्री कृष्ण सिदार को ग्राम पंचायत से संबंधित समस्त दस्तावेज एवं अभिलेख जैसे– रोकड़ बही, कैशबुक, प्रस्ताव पंजी, कार्यवाही पंजी, शासकीय योजनाओं से संबंधित अभिलेख, निर्माण कार्यों से संबंधित दस्तावेज, ऑनलाइन आईडी/पासवर्ड, ग्राम पंचायत का लैपटॉप, प्रिंटर एवं अन्य शासकीय सामग्री तथा अन्य आवश्यक प्रभार अति शीघ्र नियमानुसार हस्तांतरित करवाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का कष्ट करें। प्रभार हस्तांतरण होने से ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द के जनहित एवं शासकीय कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकेंगे। अतः आवश्यक कार्रवाई हेतु निवेदन है।

संलग्न: 1. जिला पंचायत सक्ती का सचिव अतिरिक्त प्रभार आदेश की छायाप्रति।
2. जनपद पंचायत सक्ती का आदेश की छायाप्रति।
3. नवपदस्थ सचिव श्री कृष्ण सिदार द्वारा उपस्थिति देने संबंधी पत्र की छायाप्रति।

रामेश्वरी बाई

सरपंच
ग्राम पंचायत नवापाराखुर्द
ज.पं.-सक्ती जिला- सक्ती(छ.ग.)

15.06.2026

भवदिया

सरपंच रामेश्वरी बाई गोंड (सरपंच)
ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द
जनपद पंचायत सक्ती जिला सक्ती

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय जिला पंचायत सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.)

Email ID – zpsakti.cg@gmail.com

क्रमांक/3140 /जि.पंचा./सचिव स्था./2026/ —:: आदेश ::— सक्ती, दिनांक 03/06/2026

कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सक्ती के पत्र कमांक/1516/पंचा./ज.पं./2026, दिनांक 18.05.2026, पत्र कमांक/548/पंचा./ज.पं./2026, दिनांक 21.05.2026 एवं पत्र कमांक/560/स्था./ज.पं./2026, दिनांक 27.05.2026 द्वारा प्रेषित अनुशंसा सहित प्रस्ताव के आधार पर निम्नलिखित सचिवों को तालिका के कॉलम 05 में दर्शित ग्राम पंचायत के सचिव का प्रभार/अतिरिक्त प्रभार आगामी आदेश पर्यन्त सौंपा जाता है :—

| क्र. | जनपद पंचायत का नाम | ग्राम पंचायत सचिव का नाम | वर्तमान पदस्थापना | नवीन पदस्थापना /अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सक्ती | श्री हितेशकुमार साहू | डेरागढ़ | बेल्हाडीह अति. प्रभार | — |
| 2 | सक्ती | श्री मोहन खाण्डे | डूमरपारा, अति. प्रभार बेल्हाडीह | — | ग्रा.पं.बेल्हाडीह के अति. प्रभार से मुक्त |
| 3 | सक्ती | श्री नितेश गवेल | नवापारा खुर्द, अति. प्रभार जाजंग | जाजंग | — |
| 4 | सक्ती | श्री कृष्णा सिदार | डोंड़की | नवापारा खुर्द अति. प्रभार | — |
| 5 | सक्ती | श्री छतराम गोंड़ | बोईरडीह | नंदेली अति. प्रभार | — |
| 6 | सक्ती | श्री विनोद कुमार बरेठ | परसदा खुर्द, अति. प्रभार नंदेली | — | ग्रा. पं. नंदेली अति. प्रभार से मुक्त |

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत—सक्ती (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/3141 /जि.पंचा./सचिव स्था./2026/ सक्ती, दिनांक 03/06/2026

प्रतिलिपि :—

(1) संचालक, पंचायत संचालनालय, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ।
(2) कलेक्टर, जिला सक्ती (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ।
(3) उप संचालक, पंचायत, जिला सक्ती (छ.ग.) को सूचनार्थ।
(4) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत— सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.) को सूचनार्थ।
(5) संबंधित सरपंच, ग्राम पंचायत ............. जनपद पंचायत— सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.) को सूचनार्थ।
(6) संबंधित सचिव, ........................जनपद पंचायत— सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत—सक्ती (छ.ग.)

D:\DDP - ZP Backup File\ratre sir\sachiv file\सचिव ट्रांसफर लेटर.docx

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय जनपद पंचायत सक्ती
## जिला : सक्ती (छ0ग0)

क्रमांक/686 /स्था./ज.पं./2026 //आदेश// सक्ती, दिनांक 11.06.2026

कार्यालय जिला पंचायत सक्ती छ.ग. के आदेश क्रमांक 3140 सक्ती दिनॉक 03.06.2026 के तहत ग्राम पंचायत सचिव को कार्यालय जनपद पंचायत सक्ती से कॉलम नंबर 04 में अंकित ग्राम पंचायत में एतद् द्वारा पदस्थ किया गया है –

| क्र. | ग्राम पंचायत सचिव का नाम | वर्तमान पदस्थापना | नवीन पदस्थापना ग्राम पंचायत का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | श्री हितेश कुमार साहू | डेरागढ | वेल्हाडीह अति.प्रभार | – |
| 2 | श्री मोहन खाण्डे | डूमरपारा | – | ग्रा.पं.वेल्हाडीह के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त |
| 3 | श्री नितेश गबेल | नवापाराखुर्द, अति.प्रभार जाजंग | जाजंग | – |
| 4 | श्री कृष्ण सिदार | डोंडकी | नवापराखुर्द अति.प्रभार | – |
| 5 | श्री छतराम गोड | बोईरडीह | नंदेली अतिरिक्त प्रभार | – |
| 6 | श्री विनोद कुमार बरेठ | परसदाखुर्द, अति.प्रभार नंदेली | – | ग्राम पंचायत नंदेली अति.प्रभार से मुक्त |

टीप– श्री मोहन खाण्डे को जनपद पंचायत सक्ती में सलग्न किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत सक्ती

सक्ती, दिनांक 11.06.2026

पृ0 क्रमांक/ 687 /स्था./ज.पं./2026

प्रतिलिपि :–

1. कलेक्टर जिला सक्ती को सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सक्ती को सादर सूचनार्थ।
3. उप संचालक पंचायत जिला सक्ती छ.ग. को सादर सूचनार्थ।
4. संबंधित श्री ............................................ग्राम पंचायत .............................. को सूचनार्थ एवं पालनार्थ। आप ग्राम पंचायत अपने ग्राम पंचायतों से समस्त प्रभार प्राप्त/प्रभार सौप कर इस कार्यालय को सूचित करे।
4. सरपंच ग्राम पंचायत डेरागढ़/डूमरपारा/नवापाराखुर्द/जाजंग/डोंडकी/नंदेली/बोईरडीह/परसदाखुर्द/वेल्हाडीह को सूचनार्थ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत सक्ती

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

प्रति,

श्रीमान सरपंच महोदया,

ग्राम पंचायत नवापाराखुर्द जनपद पंचायत सक्ती

जिला सक्ती (छ.ग.)

विषयः – ग्राम पंचायत नवापाराखुर्द में अपनी उपस्थिति देने वावत।

संदर्भ :– कार्यालय जनपद पंचायत सक्ती के आदेश क्र./686/स्था./ज.प./2026 सक्ती दिनांक 11.06.2026

महोदया,

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रानुसार जनपद पंचायत सक्ती के द्वारा मेरा अतिरिक्त प्रभार हेतु ग्राम पंचायत नवापाराखुर्द जनपद पंचायत सक्ती में किया गया हैं जिसके परिपालन में आज दिनांक 12.06.2026 को अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा हूँ।

अतः आपको सादर सूचनार्थ।

दिनांक 12.06.2026

प्रतिलिपि :– श्रीमान मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सक्ती को सादर सूचनार्थ।

सचिव

ग्रा.पंचा. डोडकी

जन.पंचा. सक्ती

Scanned with OKEN Scanner

प्रति

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जनपद पंचायत सक्ती,
जिला सक्ती (छ.ग.)

विषय : दिनांक05.06.2026 से 11.06.2026 तक पारिवारिक तीर्थ यात्रा हेतु मुख्यालय छोडने की अनुमति प्रदान करने बाबत।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं नितेश गबेल, सचिव, ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द एवं जाजंग, जनपद पंचायत सक्ती में पदस्थ हूँ। मैं अपने परिवार के सदस्यों के साथ दिनांक 05 जून 2026 से 11 जून 2026 तक तीर्थ यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बना रहा हूँ।

अतः उक्त अवधि में मुख्यालय छोड़ने एवं पारिवारिक तीर्थ यात्रा पर जाने की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें। मेरे द्वारा आवश्यक कार्यालयीन कार्यों का समुचित संधारण सुनिश्चित किया जाएगा तथा निर्धारित अवधि के पश्चात् मैं पुनः अपने कर्तव्यों का निर्वहन हेतु उपस्थित हो जाऊँगा।

अतः निवेदन है कि मुझे दिनांक05.06.2026 से 11.06.2026 तक पारिवारिक तीर्थ यात्रा हेतु मुख्यालय छोड़ने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

दिनांक : 02.06.2026 स्थान : नवापारा खुर्द

(नितेश गबेल)
सचिव, ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द एवं जाजंग
जनपद पंचायत सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.)

प्रतिलिपि :

1. सरपंच, ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द, जनपद पंचायत सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.) को सूचनार्थ।
2. सरपंच, ग्राम पंचायत जाजंग, जनपद पंचायत सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.) को सूचनार्थ।

(नितेश गबेल)
सचिव, ग्राम पंचायत नवापारा खुर्द एवं जाजंग
जनपद पंचायत सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner